भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 951
उत्तर देने की तारीख : 08 फरवरी, 2021

सेवा भोज योजना

951. **श्रीमती गीताबेन वी. राठवा :**
डॉ. संजीव कुमार शिगरी :
श्री कुरुवा गोरातला माधव :
श्री मगुंटा श्रीनिवासुलू रेड्डी :
श्री टी.आर.वी.एस. रमेश :
श्री श्रीधर कोटागिरी :

क्या **संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सेवा भोज योजना के मुख्य उद्देश्य क्या हैं;

(ख) क्या सरकार इस योजना के अंतर्गत संस्थानों को कोई अनुदान प्रदान करती है;

(ग) यदि हां, तो सेवा भोज योजना के अंतर्गत योजना के क्रियान्वयन होने से कितनी निधि उपयोग/व्यय/प्रतिपूर्ति की गई है; और

(घ) उक्त योजना के अंतर्गत सूचीबद्ध और चलाई जा रही धार्मिक संस्थाओं की गुजरात सहित राज्य-वार सूची क्या है?

उत्तर
(श्री प्रहलाद सिंह पटेल)
संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(क) : 'सेवा भोज योजना' की स्कीम के अंतर्गत धर्मार्थ/धार्मिक संस्थाओं को जनता को मुफ्त भोजन वितरित किए जाने के लिए विशिष्ट कच्ची खाद्य सामग्रियों की खरीद पर उनके द्वारा भुगतान किए गए केन्द्रीय माल एवं सेवा कर (सीजीएसटी) और केन्द्र सरकार के एकीकृत माल एवं सेवा कर (आईजीएसटी) की हिस्सेदारी की प्रतिपूर्ति भारत सरकार द्वारा वित्तीय सहायता के रूप में की जाती है।

(ख) और (ग) : जी, हां। सेवा भोज योजना स्कीम के अंतर्गत धर्मार्थ/धार्मिक संस्थाओं को अनुदान प्रदान किया जाता है। सेवा भोज योजना को 01.08.2018 से कार्यान्वित किए जाने के बाद से इस स्कीम के अंतर्गत 4.82 करोड़ रुपए (लगभग) की राशि संस्वीकृत की जा चुकी है।

(घ) : सेवा भोज योजना के अंतर्गत अब तक जिन धर्मार्थ/धार्मिक संस्थाओं को अनुदान प्रदान किया गया है, उनकी राज्य-वार सूची अनुलग्नक पर संलग्न है।

अनुलग्नक

दिनांक 08 फरवरी, 2021 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 951 के भाग (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

धर्मार्थ/धार्मिक संस्थाओं की राज्य-वार सूची

1. तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम, तिरुपति, आंध्र प्रदेश
2. श्री वेंकटेश्वर अन्नप्रसादम ट्रस्ट, तिरुपति, आंध्र प्रदेश
3. सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी), पंजाब
4. ड्रीम्स एंड ब्यूटी चैरिटेबल ट्रस्ट, लुधियाना, पंजाब
5. दुर्गियाना मंदिर, अमृतसर, पंजाब